Case No:- 68/2021
VCMS No:- 2021/256

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए।
28-1-22	पत्रावली आज पेश हुई । अपीलार्थी द्वारा यह अपील अन्तर्गत धारा 19 (1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मय लोक सूचना अधिकारी के समक्ष सूचना प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी से प्रदान कराने हेतु निवेदन किया है। इस न्यायालय द्वारा जरिए पत्रांक 1517–18 / 04.10.2021 के लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) पाली को लिखा जाने पर उन्होंने अपने पत्रांक रा.लो.सू.अ. / 309 / 2021 / 1668 दिनांक 26.10.2021 के अवगत कराया कि वांछित सूचना उनके द्वारा जरिये पत्र क्रमांक / एफ / कलेक्ट्रेट पाली / 1214011218 / 309 / 21 / 1566 दिनांक 29.09.2021 के उपलब्ध करा दी गई है। इसलिए प्रकरण का निस्तारण करावे। पत्रावली का अवलोकन किया गया लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) पाली ने इस न्यायालय को अवगत कराया कि अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना 29.09.2021 को प्रेषित की जा चूकी है। जो इस न्यायालय को प्रेषित पत्र के संलग्न प्रति के अवलोकन से स्पष्ट है। जो पत्रावली संलग्न है तथा अपीलांट को रजिस्टर्ड नोटिस क्रमांक 1679 / 8.1.2021 प्रेषित किया गया। आदिनांक इस बाबत अपीलांट से किसी प्रकार की प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है। इससे स्पष्ट है कि अपीलांट को प्राप्त सूचना बाबत कुछ नहीं कहना है तथा प्राप्त सूचना से वह संतुष्ट है। अतः उपरोक्त विवेचन के परिपेक्ष्य में अपील अपीलांट निरस्त की जाती है। निर्णय मेरे द्वारा लिखवाया जाकर शामिल मिसल किया गया। पत्रावली इस न्यायालय से शुमार फैसल की जाकर नंबर से कम हो। समित मेहता प्रथम अपीलीय अधिकारी लोक सूचना एवं जिला कलक्टर पाली	